**LIBRARY**

**SCHOOL OF PLANNING AND ARCHITECTURE, BHOPAL**

S.No. 02 **(June 2023)**

दैनिक भास्कर (सिटी भास्कर) Page – 27 25/06/2023

# कम्युनिटी आर्किटेक्ट हैं निपुन, फोर्ब्स 30 अंडर 30 का हिस्सा हैं अभिनव

**एसपीए के प्राउड एलुमनाई**

**सिटी रिपोर्टर।** किसी भी इंस्टीट्यूट की सफलता का चेहरा अक्सर उनके एलुमनाई मेम्बर्स होते हैं, जोकि अलग-अलग शहरों में अपने कैंपस का नाम रौशन करते हैं। ऐसे ही कुछ प्राउड एलुमनाई की कहानियां सिटी भास्कर से शेयर कीं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) ने।

**आंत्रप्रेन्योर...** 31 साल के अभिनव अग्रवाल एथनोम्यूजिकोलॉजिस्ट, म्यूजिशियन और सोशल आंत्रप्रेन्योर हैं। अनहद फाउंडेशन के फाउंडर अभिनव लोक गायकों और लोक धुनों को जिंदा रखने वाले कलाकारों के लाइवलीहुड, प्राइड, डिग्निटी के लिए काम करते हैं। वे कहते हैं- मैं चाहता हूं कि फोक म्यूजिशियंस की अपनी म्यूजिक इंडस्ट्री होनी चाहिए, ताकि हमारे गांवों तक पहुंच रहे अर्बनाइजेशन के कारण वहां की संस्कृति, प्रकृति और कल्चर खत्म न हो जाए। अपने इस काम के लिए अभिनव फोर्ब्स की 30 अंडर 30 लिस्ट का हिस्सा बन चुके हैं और अशोका फेलो भी रहे हैं।

**बेहतर आर्किटेक्चर...** निपुन प्रभाकर ने एसपीए भोपाल से बीआर्क की पढ़ाई की और कम्युनिटी आर्किटेक्ट के साथ फोटो जर्नलिस्ट भी हैं। भोपाल बेस्ड निपुन ने धम्मदा कलेक्टिव की शुरुआत की जोकि कम्युनिटीज के साथ ग्रासरूट लेवल पर काम करता है। निपुन बताते हैं कि मुझे गांव में नेचुरल प्रोडक्ट्स से तैयार होने वाले कम्युनिटी आर्किटेक्चर हमेशा से फैसिनेट करते थे, इसीलिए मैंने इन्हें ही अपने काम के रूप में चुना। वॉशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए मैंने नेपाल के दरवाजों की फोटोग्राफी सीरीज और गुजरात में कछ के चबूतरों की सीरीज पर काम किया है।